Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## ➢ जोधपुर में क्राईम ब्रांच, पालम विहार, गुरुग्राम, हरियाणा के सहायक उप निरीक्षक पुलिस प्रवीण को तीन लाख रूपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया

जयपुर दिनांक 20 दिसम्बर, शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर ग्रामीण द्वारा आज कार्यवाही **करते हुए प्रवीण सहायक उप निरीक्षक पुलिस, क्राईम ब्रांच, पालम विहार, गुरूग्राम, हरियाणा** को परिवादी से 3,00,000/- **रूपये** रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी की जोधपुर ग्रामीण इकाई को एक शिकायत इस आशय की प्राप्त हुई कि प्रवीण सहायक उप निरीक्षक पुलिस क्राईम ब्रांच, पालम विहार, गुरुग्राम, हरियाणा द्वारा परिवादी के मामा को प्रकरण संख्या 811/2025 पुलिस थाना सदर जिला गुरुग्राम, हरियाणा में दर्ज प्रकरण में पुलिस रिमाण्ड में परेशान नही करने व मदद करने के बदले में परिवादी से 3,00,000/- रूपये रिश्वत की मांग की जा रही है।

जिस पर एसीबी जोधपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भुषण यादव** के सुपरविजन में एसीबी जोधपुर ग्रामीण **के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पारस सोनी** के नेतृत्व में मय जाब्ता के ट्रेप कार्यवाही करते हुए प्रवीण सहायक उप निरीक्षक पुलिस को 3,00,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पुछताछ एवं कार्यवाही जारी है एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जायेगा।